## 9- लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम-

**लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम**

लिखित परीक्षा एक पाली की होगी , जिनमें प्रश्नों की कुल संख्या 100 तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (निगेटिव मार्क) दिए जायेंगे, जो प्रत्येक गलत उत्तर पर उस प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अर्थात 25 प्रतिशत अंक होंगे।

**परीक्षा योजना**

परीक्षा के विषय, प्रश्नों की संख्या, निर्धारित कुल अंक और दिया गया समय नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| क्रमांक | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | i. अंकेक्षण, अंतिम खाता | 10 | 10 | 120 मिनट (2 घण्टा) |
| | ii. लेखांकन के आधारभूत सिंद्धांत, प्रारंभिक लेखा पुस्तकों की तैयारी, ह्रास | 10 | 10 | |
| | iii. दोहरा लेखा प्रणाली, बैंक समाधान विवरण, वित्तीय नियमों की सामान्य जानकारी | 15 | 15 | |
| | iv. आर0 टी0 जी0 एस0, ई-बैंकिंग, बजट नियंत्रण में कम्प्यूटर का प्रयोग | 10 | 10 | |
| | v. एडवांस एकाउन्टेंसी | 10 | 10 | |
| | vi. टैक्सेशन, अंकगणित | 10 | 10 | |
| भाग- 2 | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 15 | 15 | |
| भाग- 3 | उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| | योग | 100 | 100 | |

**नोट-** उपर्युक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंकन) का प्राविधान है , जो सही प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

**पाठ्यक्रम**

**भाग-1**

i. **अंकेक्षण, अंतिम खाताः-**

अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्राविधान, अदत एवं पूर्वगत (आय-व्यय), स्कंध का मूल्यांकन, इत्यादि की समायोजन प्रविष्टियों सहित अंतिम खाते तैयार करना, लेखा परीक्षा का परिचय, आंतरिक लेखा परीक्षा, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारत सरकार का परिचय।

ii. **लेखांकन के आधारभूत सिंद्धांत, प्रारंभिक लेखा पुस्तकों की तैयारी, ह्रासः-**

जर्नल, खाताबही, अशुद्धियों का संशोधन, विभिन्न ह्रास पद्धति आदि की जानकारी।

iii. <u>दोहरा लेखा प्रणाली, बैंक समाधान विवरण, वित्तीय नियमों की सामान्य जानकारीः-</u>

दोहरा लेखा प्रणाली, बैंक समाधान विवरण तैयार करने की जानकारी, सामान्य वित्तीय नियमों की जानकारी, भण्डार क्रय नियमों की जानकारी।

iv. <u>आर0टी0जी0एस0, ई-बैंकिंग, बजट नियंत्रण में कम्प्यूटर का प्रयोगः-</u>

आर0टी0जी0एस0, इन्टरनेट बैंकिंग, बजट नियंत्रण में कम्प्यूटर, आधुनिक इलेक्ट्रानिक एवं संचार तकनीकी के प्रयोग से संबंधित जानकारी।

v. <u>एडवांस एकाउन्टेंसीः –</u>

किराया क्रय एवं किस्त भुगतान पद्धति, शाखा एवं विभागीय खाते, दिवालिया खाते, अधिकार शुल्क, बीमा दावों की गणना आदि से संबंधित जानकारी।

vi. <u>टैक्सेशन, अंक गणितः -</u>

आयकर, जी0एस0टी0, संबंधित जानकारी, अंकगणित से संबंधित प्रश्न।

## <u>भाग-2</u>

### <u>कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान</u>

प्रश्न पत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से कम्प्यूटर एवं सूचना तकनीकी का परिचय, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, स्प्रेडशीट, ई-मेल, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस की जानकारी, डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग, इण्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब ( WWW )का परिचय, भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा का अवलोकन, वर्ड प्रोसेसिंग के तत्व तथा कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स) पर आधारित एवं इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

## <u>भाग-3</u>

### <u>उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी</u>

प्रश्न पत्र के इस भाग से उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का विशिष्ट ज्ञान- इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति-रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा

समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियों पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

## Examination scheme and syllabus of written examination for selection to the vacant posts of direct recruitment of Auditor and Assistant Accountant

The written test will be of one shift, in which the total number of questions will be 100 and the time duration will be two hours. The questions of the examination will be objective and multiple choice type. Each question will be of one mark. Negative marking will be given for the written test, which will be ¼ i.e. 25 percent of the full marks for that question on each wrong answer.

### Exam Plan

The subjects of examination, number of questions, total marks prescribed and time given will be as per the details given below-

| S.No. | Subject | Number Of Questions | Fixed Total Marks | Time Period |
|---|---|---|---|---|
| Part - 1 | (i) Audit, Final Account | 10 | 10 | 120 Minutes (2 Hours) |
| | (ii) Fundamentals of Accounting, Preparation of Preliminary Books of Accounts, Depreciation | 10 | 10 | |
| | (iii) Double Accounting System, Bank Reconciliation Statement, General Knowledge of Financial Rules | 15 | 15 | |
| | (iv) RTGS, e-banking, use of computers in budget control | 10 | 10 | |
| | (v) Advance Accountancy | 10 | 10 | |
| | (vi) Taxation, Arithmetics | 10 | 10 | |
| Part - 2 | Knowledge of concepts of computer and information technology and contemporary technology development and innovation in this field | 15 | 15 | |
| Part - 3 | General information related to the state of Uttar Pradesh | 20 | 20 | |
| | **Total** | **100** | **100** | |

**Note-** There is a provision of negative marking for each wrong answer for the above examination, which will be 25 percent i.e. ¼ of the marks prescribed for the correct question.

### Syllabus

### Part- 1

**i. Audit, Final Account:-**

Provision for Bad and Doubtful Debts, Preparation of Final Accounts including Adjustment Entries of Outstanding and prepaid (Income-Expenditure), Valuation of Stock, etc. Introduction to Audit, Introduction to Internal Audit, Comptroller and Auditor General of India.

**II . Basic principles of accounting, preparation of Preliminary books of accounts, depreciation:-**

Knowledge of journal, ledger, rectification of errors, various depreciation methods etc.

**iii. Double Accounting System, Bank Reconciliation statement, General Knowledge of Financial Rules:-**

Double Accounting System, Knowledge of preparing Bank Reconciliation Statement, Knowledge of General Financial Rules, Knowledge of Store Purchase Rules.

**iv. Use of computer in RTGS, e-banking, budget control:-**

Information related to the use of computer, modern electronic and communication technology in RTGS, internet banking, budget control.

**v. Advance Accountancy:-**

Information related to hire purchase and Instalment payment method, branch and departmental accounts, insolvency accounts, royalty, calculation of insurance claims, etc.

**vi. Taxation, Arithmetics :-**

Questions related to Income Tax, GST, related information, Arithmetic.

## Part- 2

## Knowledge of concepts of Computer and Information Technology and Contemporary Technology Development and Innovation in this field

In this part of the question paper, the candidates will be introduced to Computer and Information Technology, Hardware, Software, Operating System, Spreadsheet, E-mail, Social Networking, E-governance, Digital Financial tools and applications, Internet and World Wide Web (WWW), Future Skills and overview of Cyber Security, Elements of Word Processing and technological developments and innovations in Computer and Information Technology (Artificial Intelligence, Big Data Processing, Deep Learning, Machine Learning, Internet of Things) Based and questions related to India's achievements in this field will be asked.

## Part-3

## General Information related to the State of Uttar Pradesh

In this part of the question paper, candidates should have specific knowledge of Uttar Pradesh – History, Culture, Art, Architecture, Festivals, Folk Dance, Literature, Regional Languages, Heritage, Social Customs and Tourism, Geographical Landscape and Environment, Natural

Resources, Climate Questions will be asked on Soil, Forest, Wildlife, Mines and Minerals, Economy of Uttar Pradesh, Agriculture, Industry, Business and Employment, Polity and Administration and contemporary events and achievements of the state of Uttar Pradesh in various fields.